प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय,

दिनांक–15.09.2023 (सं0–403)

उच्चतर पद का कार्यकारी प्रभार

जैसा कि मैने पूर्व के सम्वाददाता सम्मेलनों में आप सभी के साथ चर्चा करते हुये अवगत कराया है कि बिहार पुलिस में पदाधिकारियों की कमी की पूर्ति हेतु सिपाही से लेकर पुलिस निरीक्षक की कोटि तक के पदाधिकारियों को उनके उच्चतर पदों पर कार्यकारी प्रभार की स्वीकृति देने की कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में:–

01. दिनांक 06.09.2023 को 2685 योग्य पी0टी0सी0 उत्तीण सिपाहियों को उनके उच्चतर पद सहायक अवर निरीक्षक के पद पर कार्यकारी प्रभार दिया गया। कतिपय आधार पर लगभग 400 पी0टी0सी0 उत्तीण सिपाहियों के मामले तत्काल लम्बित।

02. दिनांक 08.09.2023 को 3279 योग्य सहायक अवर निरीक्षकों को उनके उच्चतर पद पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर कार्यकारी प्रभार दिया गया। लगभग 2400 सहायक अवर निरीक्षकों के मामले तत्काल लम्बित।

03. दिनांक 15.09.2023 को 1168 योग्य पुलिस अवर निरीक्षकों को उनके उच्चतर पद पुलिस निरीक्षक के पद पर कार्यकारी प्रभार दिया गया। 280 पुलिस अवर निरीक्षकों के कार्यकारी प्रभार के मामले तत्काल लम्बित।

04. एक और खुशखबरी आपको हम बताना चाहेंगे कि पुलिस निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक की कोटि में लगभग 200 पदों पर कार्यकारी प्रभार प्रदान करने के सम्बन्ध में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। शीघ्र ही सम्बन्धित प्रस्ताव गृह विभाग, बिहार, पटना को उपलब्ध कराया जाएगा।

इस प्रकार आज तक कुल 7132 पुलिस कर्मियों/पदाधिकारियों को उनके उच्चतर पदों पर कार्यकारी प्रभार दिया गया है।

सिपाही से लेकर पुलिस निरीक्षक तक की कोटि में लम्बित लगभग 3280 पदों के कार्यकारी प्रभार की कार्रवाई भी शीघ्र हीं सम्पन्न की जाएगी।

XXXXXX